## एक नजर

### ससुराल आया युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव वरतारा निवासी सुरेश कश्यप ने रामचंद्र मिशन थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई है कि उसका पुत्र विकास कश्यप(23) 16 अप्रैल को रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती में अपने ससुराल आया था। उसकी पत्नी ससुराल में थी। 25 अप्रैल से उसका कोई संपर्क नहीं हो सका। उसका मोबाइल स्विच ऑफ है। ससुराल वालों ने बताया कि वह बिना बताए यहां से चले गया था। उसका कोई सुराग नहीं लगा है। रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### किशोरी को किया अगवा

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 22 अप्रैल की सुबह आठ बजे वह परिवार के साथ खेत पर काम करने गया था। उसकी 19 वर्षीया पुत्री घर पर अकेले थी। वह शाम को खेत से घर आया तो वह घर पर नहीं मिली। तलाश करने पर भी बेटी नहीं मिली। अगले दिन जानकारी हुई कि गांव का सचिन उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया। उसकी बेटी को अगवा कराने में अन्य लोगों का भी सहयोग है। पुलिस ने आरोपी सचिन, पिंकू, शिवानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# तालाब पर कब्जा, जांच करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम

## जांच में सही मिली शिकायत, खुटार नगर पंचायत प्रशासन की देखरेख में कराई नाप, अधिकारियों को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

खबर का असर

संवाददाता, खुटार



तालाब पर कब्जे की जांच करने पहुंचे कानूनगो नरायनदास मिश्रा, लेखपाल अनुराग कुमार और मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार



मिट्टी डालकर पाट लिया आधा तालाब...फीते से जांच करते अधिकारी।

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बजरिया के पीछे डंपरों से मिट्टी डालकर तालाब की जमीन बराबर करने के मामले में अमृत विचार अखबार ने शनिवार को खबर को प्रकाशित किया, तो अधिकारियों के संज्ञान में मामला पहुंचा। आदेश के बाद राजस्व विभाग और नगर पंचायत प्रशासन की देखरेख में जांच की गई। फीता लगाकर चारों ओर नाप कराई गई। जांच में शिकायत सही पाई गई। मिट्टी डलवा रहे एक व्यक्ति ने मिट्टी हटा लेने को कहा है। कानूनगो ने जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपने की बात कही है। करीब डेढ़ घंटे तक जांच चली। इसके बाद अधिकारी वापस लौट गए।

खुटार के पंथवारी मंदिर जाने वाली रोड पर स्थित एक काफी पुराना तालाब है। यह तालाब मोहल्ला बजरिया से पश्चिमी गढ़ी से होते हुए आबादी के बीच में है। तालाब किनारे लोगों ने धीरे-धीरे

● **अमृत विचार अखबार में छपी खबर पर अधिकारियों ने लिया संज्ञान**

कूड़ा करकट और मिट्टी डालकर पाट लिया है। इससे तालाब की चौड़ाई और लंबाई भी कम हो गई है। कई दिनों से प्लाटिंग करने वाला व्यक्ति डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी डालकर तालाब पर अवैध कब्जा करने लगा। लोगों ने इसकी सूचना नगर पंचायत प्रशासन को दी गई। सूचना देने के बाद भी जानकारी नहीं होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर कानूनगो को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। शनिवार को अमृत विचार अखबार ने भी तालाब पर कब्जा किए जाने की खबर को छापा। इसके बाद कानूनगो नारायन दास मिश्रा, लेखपाल अनुराग कुमार और खुटार नगर पंचायत के लिपिक बाबू अनिल सिंह के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की। कानूनगो नारायन दास मिश्रा ने तालाब के दोनों तरफ फीता लगाकर पैमाइश कराई। पैमाइश में मामला सही निकला, तो उक्त व्यक्ति ने कहा कि नींव भरने के कारण मिट्टी तालाब में चली गई, जो हटा लेंगे। हालांकि, डेढ़ घंटे की जांच के बाद कानूनगो ने इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजने की बात कही है। आदेश के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मिट्टी पड़ने से तालाब का कुछ हिस्सा पट गया है। जिसकी रिपोर्ट अधिकारियों भेज देंगे। पैमाइश करने के बाद अधिकारी वापस लौट गए।

> उच्चाधिकारियों के आदेश पर लेखपाल के साथ मौके पर जांच करने गया था। मिट्टी पड़ने से तालाब का कुछ हिस्सा पट गया। मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – **नरायनदास मिश्रा,** कानूनगो खुटार

### तालाब का मिट रहा अस्तित्व

नगर पंचायत प्रशासन के देखरेख के अभाव में तालाबों का अस्तित्व खतरे में है। अधिकांश तालाबों पर कब्जा हो गया है। तो कुछ बचे तालाब का अस्तित्व मिटता जा रहा है। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन ने तालाबों को कब्जा मुक्त कराने में जरा भी ध्यान नहीं दिया। अगर सूचना दी जाती है तो रटा रटाया जवाब दे दिया जाता है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध कब्जा की सूचना पर नहीं पहुंचे ईओ

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सतेंद्र प्रकाश को तालाब पर कब्जे करने के मामले में सूचना दी गई। लेकिन मौके पर जाने की जरूरत नहीं समझी गई। आखिर में तो कह दिया कि मामला संज्ञान में नहीं है। इसके अलावा जवाब आया कि सब कुछ हम नहीं देख सकते। सवाल यह है कि 24 किमी दूर से राजस्व विभाग की टीम जांच करने मौके पर पहुंच गई। लेकिन ईओ सतेंद्र प्रकाश ने जांच करने मौके पर जाने की जहमत नहीं उठाई।


तालाब पर मिट्टी डालकर जमा लिया कब्जा

27 अप्रैल के अंक में प्रकाशित खबर।

# रेंजर्स ने किया ड्रिलिंग टेंट निर्माण का अभ्यास



आर्य महिला कॉलेज में रेंजर्स को प्रशिक्षण देतीं कंचन मिश्रा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **आर्य महिला कॉलेज में पांच दिवसीय रेंजर्स शिविर का आयोजन**

**अमृत विचार :** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में चल रहा पांच दिवसीय रेंजर्स शिविर चौथे दिन शनिवार को भी जारी रहा।

प्रशिक्षक कंचन मिश्रा ने रेंजर्स को बीपी- 6 के व्यायामों का अभ्यास कराया। इसके बाद रेंजर्स ने मार्च पास्ट, ड्रिलिंग, टेंट पुल निर्माण का अभ्यास करते हुए निरीक्षण विधि की कला सीखीं। प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल ने आह्वान किया कि रेंजर्स कर्मशील बनकर समाज एवं राष्ट्र की प्रगति की संवाहक बनें। इससे पहले रेंजर्स प्रभारी डॉ. रजनी सिंह ने ध्वजारोहण और छात्राओं ने ईश वंदना प्रस्तुत की। डॉ. रजनी सिंह ने पौष्टिक आहार का सेवन करने और फास्ट फूड एवं जंक फूड को बिल्कुल त्यागने की प्रेरणा दी। शिविर में डॉ. संतोष सक्सेना, डॉ. रूपांशु माला, डॉ. दुर्गावती सिंह, अनुराधा, रितु मिश्रा, मनोरमा शुक्ला, नम्रता लता, मनोरमा शुक्ला, प्रज्ञा वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

# वीआईपी ग्रुप ने की अग्नि पीड़ित परिवार की मदद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र में पिछले दिनों एक दलित के घर में सिलेंडर फट जाने से चार लोगों की मौत हो गई थी और एक अन्य जिला अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। ऐसे में परिवार के एक मात्र युवक जो परिवार के खर्च चलाने के साथ ही चार-चार लोगों के अंतिम संस्कार कर टूट गया। वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के पदाधिकारियों ने एक माह की राशन सामग्री भेंट की।

युवक अर्जुन ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में एक अधिकारी से सरकारी सहायता दिलाने की गुहार लगाई थी। सूचना पर वीआईपी ग्रुप अध्यक्ष नीतू गुप्ता, अभिनय गुप्ता, रजनी गुप्ता आदि ने शनिवार को उसके घर जाकर लगभग एक माह की खाद्य सामग्री और कुछ नगद धनराशि भेंट की। गई। सहयोग करने वालों में ग्रुप के महासचिव शाहनवाज खां, रिद्धि बहल, प्रधान अनिल गुप्ता, विनीत सर्राफ, नीरज गुप्ता, महेंद्र दुबे, अंकित गुप्ता, नुजहत अंजुम, कुलदीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता रोमी आदि का सहयोग रहा।

# अधिवक्ताओं के कंधों पर है समाज को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी को सम्मानित करते स्वामी चिन्मयानंद।

● **एसएस लॉ कॉलेज में हुआ पुरातन छात्र सम्मेलन एवं सम्मान समारोह**



एसएस लॉ कालेज में पुरातन छात्र सम्मेलन में जुटे कॉलेज के पुराने छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में शनिवार को पुरातन छात्र सम्मेलन एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी ने महाविद्यालय आश्वासन दिया कि महाविद्यालय के विकास में बार एसोसिएशन पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करती है और नैतिकता के साथ कार्य करने के तौर-तरीके भी सिखाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को गहराई से अध्ययन करने का सुझाव दिया। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि विधि के विद्यार्थियों को नौकरियों की कोई कमी नहीं है। आजादी के आंदोलन में अधिवक्ताओं ने समस्याओं को महसूस कर लोकतंत्र की मर्यादा को बनाए रखने का कार्य किया। अध्यक्षता करते हुए विधायक वीर विक्रम सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं को अपने व्यवसाय में कामयाबी हासिल करने के लिए निरंतर अध्ययन करना पड़ता है तथा समाज को न्याय प्राप्त हो सके इसके लिए वह प्रयासरत रहता है। प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्र ने कहा कि महाविद्यालय जिले के विकास को संकल्पित है। इससे पहले पुरातन छात्र परिषद के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। परिषद के सचिव अधिवक्ता फिरोज हसन खान ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा मकसद कॉलेज से पढ़ चुके छात्रों को कॉलेज से जोड़े रखना है। जिससे मौजूदा समय में पढ़ रहे छात्रों को पुराने छात्रों से प्रेरणा मिलती है। संचालन डॉ. अनुराग अग्रवाल और डॉ. दीप्ति गंगवार ने किया।

### इन अधिवक्ताओं का किया गया सम्मान

एसएस लॉ कालेज में हुए समारोह में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी, महासचिव राजीव कुमार शर्मा समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दुर्गेश चंद्र मिश्रा, अजय त्रिपाठी, कृपा शंकर बाजपेई, अंकित कनौजिया, विनय कुमार शर्मा, राहुल कुमार सक्सेना, आदर्श मिश्रा, संजीव कुमार शर्मा, बृजेश कुमार सिंह, मो. तस्लीम अंसारी, रामानंद श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार पांडेय, सुनील शुक्ला, विकास कुमार सिंह, शीतल शर्मा, आशुतोष कुमार पांडेय, शिवम मिश्रा, याहिया, कालीचरण गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष बृजेश कुमार वैश्य, पूर्व महासचिव सुधीर कुमार पांडेय आदि को स्वामी चिन्मयानंद ने पटका पहनाकर और श्री राम की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया।



संबोधित करते कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस।

### ये लोग रहे मौजूद

समारोह में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता मनेंद्र सिंह, एसएस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद, मेजबान कालेज के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा, डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. प्रेम सागर, डॉ. अमित कुमार यादव, अशोक कुमार, रंजना खंडेलवाल, डॉ. अमरेंद्र सिंह, अजीत कुमार, विजय सिंह, मृदुल शुक्ला, अरविंद कुमार, सचिन कुमार, अभिलाष पांडेय, अपर्णा चौहान, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, मुनीश सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

# सुदामा स्कूल में यूपी बोर्ड की कॉलेज टॉपर्स सम्मानित




यूपी बोर्ड की टॉपर्स को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव और डीआईओएस हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **डीआईओएस और जिला पंचायत अध्यक्ष ने टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर किया उत्साहवर्द्धन**

**अमृत विचार :** डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूपी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में टॉप-10 में स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव और विशिष्ट अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अलंकरण समारोह में हाईस्कूल टॉप-10 में शामिल श्रेया यादव, आध्या पांडेय, सल्तनत, रीतिका यादव, तनुश्री वर्मा, वैष्णवी शर्मा, अहाना सक्सेना, धृति श्रीवास्तव, आयशा मसूद, रिज़ा, रोशनी प्रजापति तथा इंटरमीडिएट की कालेज टॉपर उमरा नकीब, अदिति सक्सेना, काजल पाल, अनुषा मैसी, नीलाक्षी सिंह, जीनिया श्रीवास्तव, महरीन फातिमा, किसा ज़ेहरा, प्रीति देवी, अंशिका यादव, इल्मा नाज़ को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा ने बताया कि इंटर की छात्रा उमरा नकीब ने 94.60 प्रतिशत अंकों के साथ जिले की मेरिट में छठा तथा हाईस्कूल में श्रेया यादव 96 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में तीसरा और आध्या पांडेय ने 93.83 प्रतिशत अंक लेकर जिले की मेरिट में नौवां स्थान पाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने छात्राओं को अच्छे अंक प्राप्त करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने छात्राओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। रमशा, रमज़ा, प्रेरणा, वृंदा, बुलबुल आदि छात्राओं ने मां शारदे की वंदना प्रस्तुत की। अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय ने अतिथियों को सम्मानित किया। प्रबंधक राजेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया। प्रज्ञा सिंह, सुमन शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### जेईई में एसएसएमवी के छात्रों ने किया कमाल



छात्र यश गुप्ता को मिठाई खिलाकर बधाई देते स्वामी चिन्मयानंद।

**शाहजहांपुर।** जेईई मेंस 2024 की परीक्षा में श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एसएसएमवी) के छात्र यश गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 98.5 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय तथा जनपद को गौरवान्वित किया है। यश इसी शैक्षिक सत्र के छात्र है। प्रधानाचार्य डॉ. मेहंदी रत्ता ने बताया कि इसी सत्र के छात्र अभिनव रस्तोगी, अभिषेक गंगवार, रुद्रांश शर्मा व सत्र 2022-23 के अनमोल आनंद तथा आर्यन सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन कर जेईई एडवांस की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया। छात्रों की सफलता पर शनिवार को कॉलेज अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद और सचिव अशोक अग्रवाल ने उन्हें रोली तिलक लगाकर और फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र यश गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया।



स्काउट गाइड कैंप में प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देते करुण कुमार पांडेय। ● अमृत विचार

# डीएलएड प्रशिक्षुओं ने सीखा गांठ बंधन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **एसएस कॉलेज में डीएलएड प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय स्काउट-गाइड कैंप का दूसरा दिन**

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज में शुरू हुआ डीएलएड प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैंप दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान प्रशिक्षक करुण कुमार पांडेय ने आपदा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षुओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्रशिक्षक करुण पांडेय ने कहा कि हम कई बार प्राकृतिक खतरों को आने से नहीं रोक सकते हैं, लेकिन जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन द्वारा उनका हानिकारक प्रभाव जरूर कम कर सकते हैं। आपदा प्रबंधन के लिए उन्होंने फायरमैन कुर्सी गांठ, ध्रुव गांठ बंधन, प्राथमिक चिकित्सा के अंतर्गत तिकोनी पट्टियां बांधने का प्रशिक्षण दिया।

इसी क्रम में प्रशिक्षक ने हाइक का प्रशिक्षण देते हुए कहा कि हाइकिंग(पैदल यात्रा) एक मौलिक आउटडोर गतिविधि है, जिस पर कई अन्य गतिविधियां आधारित है। पृथ्वी पर तमाम खूबसूरत जगहों पर हाईकिंग द्वारा ही पहुंचा जा सकता है। उत्साही और खोजी लोग प्रकृति का आनंद लेने के लिए इसे सबसे अच्छा तरीका मानते हैं।

इससे पूर्व दूसरे दिन की शुरुआत स्काउट ध्वज फहराकर और स्काउट गीत के साथ की गई। कार्यक्रम में डीएलएड प्रभारी डॉ. मनोज कुमार मिश्र, गौरव शर्मा, शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, सर्वोत्तम शर्मा, अमिता रस्तोगी, शिवानी भारद्वाज, प्रतिभा शर्मा, रचना रस्तोगी, जय सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन अभिषेक बाजपेई ने किया।






# ऑटो और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में दो की मौत चार घायल, शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

## बदायूं के मैरिज लॉन में बेटी की बरात करके ऑटो से लौट रहा था परौर के गनेशपुर का परिवार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/कलान

**अमृत विचार :** बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर जहांगीराबाद ढाबा पुलिया के पास शनिवार सुबह ऑटो और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को बदायूं के अस्पताल भेजा गया है। घटना से गुस्साए मृतकों के परिजनों ने दोपहर में शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने के बाद बमुश्किल शांत हुए।

थाना परौर के गांव गनेशपुर निवासी राकेश की बेटी की शादी बदायूं के एक मैरिज हॉल में थी। कार्यक्रम निपटाने के बाद राकेश के परिवार व गांव के लोग शनिवार सुबह ऑटो से लौट रहे थे।

सुबह करीब नौ बजे कलान क्षेत्र में बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर बाराकला जहांगीराबाद ढाबा पुलिया के पास ट्रैक्टर व ऑटो में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया।



बिलख रहे मृतकों के परिजन। ● अमृत विचार

हादसे में ऑटो चालक उदयवीर और उसमें सवार नाई सरनाम, राकेश की पुत्री स्वाति, शिवओमपुत्र सुनील, मोहिनी पुत्री कर्मवीर, अध्यापक राजपाल घायल हो गए। चालक उदयवीर ने बदायूं अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि सरनाम की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोपहर में दोनों के परिजनों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।

परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे। घटनास्थल पर कलान, परौर, मिर्जापुर, पुलिस व सीओ जलालाबाद अजय राय पहुंचे और जांच पड़ताल की।

इस दौरान पुलिस व परिजनों की कार्रवाई को लेकर नोक-झोंक हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पीड़ित परिजनों को ढाढंस बंधाते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब कही जाकर परिजन शांत हुए।

- बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर जहांगीराबाद ढाबा पुलिया के पास हुआ हादसा

> पीड़ित परिजनों के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।
> – प्रभाष चंद्र, थानाध्यक्ष, कलान



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ऑटो।



घटना स्थल पर जाम लगाए ग्रामीणों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

## बरात से लौट रहे बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

**शाहजहांपुर/ पुवायां, अमृत विचार:** निगोही-पुवायां रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। घायल को मेडिकल कालेज में लाया गया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह बरात से वापस अकेले लौट रहे थे।



मृतक इंद्रपाल।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव इटौली निवासी इंद्रपाल(28) के साढ़ू की बेटी की बरात पुवायां थाना क्षेत्र के ही गांव खानपुर में गुरुवार को थी। इन्द्रपाल दिन में बरात में गया था और रात 11 बजे बाइक से अपने गांव अकेले लौट रहा था। निगोही-पुवायां मार्ग पर सुनारा बुजुर्ग गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे इंद्रपाल घायल हो गया। सूचना पर बड़ा गांव पुलिस चौकी के दरोगा तथा सिपाही मौके पर पहुंचे और घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इधर परिवार वाले देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।





पीरू गांव के पास घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त बोलेरो और मैजिक। ● अमृत विचार

## बोलेरो-मैजिक भिड़ंत में दूल्हा दुल्हन समेत आठ लोग घायल

संवाददाता, पुवायां/ सिंधौली

**अमृत विचार :** दूल्हा-दुल्हन को लेकर जा रही बोलेरो शनिवार सुबह गांव पीरू के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में सामने आ रही मैजिक से भिड़ गई। घटना में दूल्हा-दुल्हन समेत 14 लोग घायल हो गए। गंभीर घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। मामूली घायल अन्य वाहनों से चले गए।

थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव ददिउरा निवासी छोटेलाल के पुत्र अंशू(21) की शादी थी। बरात शुक्रवार को बोलेरो से भरिगवा थाना मैलानी लखीमपुर को गई थी। विवाह सकुशल संपन्न होने के बाद शनिवार सुबह दूल्हा दुल्हन के साथ बोलेरो में सात लोग सवार हुए। सुबह 11:30 बजे बोलेरो शाहजहांपुर-पुवायां रोड पर गांव पीरू के पास पहुंची, तभी सामने से आए बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बोलेरो सामने शाहजहांपुर से सवारियों को लेकर आ रही डग्गामार वाहन से भिड़ गई। दोनों वाहनों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में बोलेरो सवार दूल्हा अंशू, दुल्हन शैंकी, दूल्हा के पिता छोटेलाल, दूल्हे का छोटा भाई अमन, मौसा जगदीश, मौसी किरण घायल हो गए। वहीं मैजिक में सवार थाना सिंधौली के गांव डुंगरौची निवासी सर्वेश थाना सदर बाजार के मोहल्ला गदियाना निवासी विकास सहित आठ लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों गाड़ियों में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। गंभीर घायलों को एंबुलेंस से पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।



हादसे में घायल दूल्हा-दुल्हन।

- खीरी के भरिगवां से दुल्हन लेकर सिंधौली लौट रही थी बोलेरो
- शाहजहांपुर-पुवायां रोड पर पीरू गांव के पास हुआ हादसा

## मोदी सरकार में वंचितों को मिला लाभ

- औद्योगिक विकास मंत्री नंदी ने भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर संग की व्यापारियों से वार्ता

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** केरुगंज स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में शनिवार को व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने व्यापारियों को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

लोकसभा चुनाव करीब आते ही लगातार भाजपा प्रत्याशी अरुण सागर के समर्थन में मंत्रियों के आने का सिलसिला जारी है। शनिवार को मंत्री नंद गोपाल नंदी शाहजहांपुर पहुंचे। यहां लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने केरुगंज स्थित अग्रसेन भवन में उनका स्वागत किया। मंत्री नंदी ने व्यापारियों के साथ वार्ता करते हुए कहा कि मोदी सरकार में वंचितों को लाभ मिला है। व्यापारियों को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने कहा कि जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई हैं। तब से व्यापारियों का व्यापार पहले से बेहतर हुआ है। उसका कारण ये है कि इससे पहले की सरकारों में जमकर लूट होती थी। व्यापारियों का कारोबार ठप हो गया था।

व्यापारियों से हफ्ता वसूली जाती थी, लेकिन जब भाजपा की सरकार आई। तब से हफ्ता वसूली करने वाले जेल गए या फिर प्रदेश छोड़ गए। ऐसा इसलिए हुआ कि क्योंकि प्रदेश के सीएम और देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास की बात की है। पुलिस को कार्य करने के लिए स्वतंत्र कर दिया है। ताकि प्रदेश में कानून का राज हो सके। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, एमएलसी सुधीर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष वैभव खन्ना, पार्षद राम बरन सिंह चंदेल, किशोर गुप्ता आदि रहे।



औद्योगिक विकास मंत्री नंदी का स्वागत करते सांसद अरुण सागर, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता। ● अमृत विचार






## ईवीएम व वीवीपैट जीएफ कॉलेज में शिफ्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विधानसभा के एआरओ व पुलिस बल की निगरानी में लोकसभा चुनाव व उप चुनाव ददरौल को लेकर ईवीएम व वीवीपैट को डीएम कंपाउंड स्थित वेयर हाउस से निकालकर जीएफ कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार विभाजित कक्षों में रखवा गया। कक्षों के बाहर बैरिकेडिंग कर जाल लगाया गया। जिसके कारण ईवीएम के पास कोई भी न पहुंच सके। वहीं सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स भी तैनात कर दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम संजय कुमार पांडेय ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन व उप निर्वाचन ददरौल को लेकर ईवीएम व वीवीपैट को गिनती के बाद सुबह 10 बजे से शाम तक वेयर हाउस से सुरक्षित निकालकर जीएफ कॉलेज स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार विभाजित कक्षों में रखवा दिया गया है। एआरओ व पुलिस बल कार्रवाई के दौरान तैनात रहे। वहीं रविवार को भी ईवीएम जीएफ कॉलेज में रखने का कार्य किया जाएगा।

# क्लास टीचर से बोली बच्ची, मैम- वैन वाले अंकल मुझे करते हैं बैड टच

## रौसर कोठी के एक स्कूल के वैन चालक ने कक्षा एक की छात्रा से की छेड़छाड़

संवाददाता, रौसर कोठी



पुलिस हिरासत में आरोपी।

- पिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस और स्कूल पर मामले को दबाए रखने का आरोप

**अमृत विचार :** स्कूल वैन के चालक ने कक्षा एक की छात्रा के साथ वैन में अश्लील हरकतें कीं। छात्रा ने मामले की शिकायत अपनी क्लास टीचर से की। इसके बाद पिता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से शिकायत की। शुरुआत में पुलिस ने मामले को टालने का प्रयास किया, लेकिन बाद में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि क्षेत्र के एक स्कूल में उसकी बेटी कक्षा एक में पढ़ती है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे स्कूल वैन चालक बेटी को लेने आया और जबरन आगे वाली सीट पर बैठा लिया। उसी दौरान उसके साथ अश्लील हरकत की। स्कूल जाने के बाद बच्ची ने घटना की जानकारी अपनी क्लास टीचर को यह कहते हुए दी कि वैन वाले अंकल मुझे बैड टच करते हैं।

तहरीर में पिता ने कहा कि घटना की जानकारी होते ही स्कूल का प्रबंधन बच्ची के पास आया और डरा धमकाकर एक बजे तक स्कूल में बैठाए रखा और घर पर कोई भी बात नहीं बताने की हिदायत दी। उसके बाद बेटी जब घर आई तब उसने घटना की जानकारी दी।

आरोप ये भी है कि जब पिता स्कूल गए तो वहां स्टाफ ने उनसे कहा कि छोटी-मोटी घटनाएं तो हर जगह होती हैं। हम चालक से माफी मंगवा देंगे। इसके अलावा तुम कुछ नहीं कर पाओगे। बताया जा रहा है कि बच्ची का पिता एक मंत्री के भाई का ड्राइवर है। उसने जब कार्रवाई के लिए मदद मांगी तो मदद मिलने क उल्टा उसके ऊपर कार्रवाई न करने का दबाव बनाया जाने लगा। साथ ही स्कूल के मालिक को कार्रवाई की जद में आने से बचाने की कोशिश शुरू कर दी गई।

पिता ने थाने में स्कूल स्टाफ और स्कूल वैन के ड्राइवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

थाने की पुलिस ने पूरे मामले को रात करीब 11 बजे तक दबाए रखा। इस बीच सिर्फ पंचायतों का दौर चलता रहा।

अंत में पुलिस ने आरोपी कामरान निवासी ककरा कला व हेल्पर खान बहार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी कामरान को गिरफ्तार कर लिया है।

### आजमीने हज का टीकाकरण कल

**शाहजहांपुर।** मदरसा नूरुल हुदा में हज यात्रा को जाने वाले आज़मीनों के लिए प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन 29 अप्रैल को सुबह नौ बजे किया जाएगा। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन से अपील है कि वह प्रशिक्षण केंद्र पर समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं टीकाकरण कराएं।

## लोक सभा चुनाव: प्रेक्षकों के नंबर जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चुनाव संबंधी शिकायतें या सुझाव सीधे आब्जर्वर के पास दर्ज करा पाएंगे मतदाता

**अमृत विचार :** प्रशासन ने लोक सभा चुनाव के लिए प्रेक्षकों के नंबर जारी कर दिए हैं। जनता सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक से संपर्क कर शिकायत या सुझाव दर्ज करा सकती है।

जिले में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक व व्यय प्रेक्षक से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, अभ्यर्थी और आम लोग उनके प्रवास स्थान रिलायंस थर्मल पावर लिमिटेड रोजा के अतिथि गृह में संपर्क कर सकते हैं। राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों और जन-सामान्य की ओर से उनके मोबाइल नंबर व लैंडलाइन नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है। सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल से रिलायंस थर्मल पावर रोजा के वीआईपी कक्ष संख्या-4 में मुलाकात की जा सकती है। उनसे मोबाइल नंबर 8960595899, लैंडलाइन नंबर 05842-298642 पर शाम 4 बजे से 6 बजे तक बात की जा सकती है।

पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन से रिलायंस थर्मल पावर रोजा के वीआईपी कक्ष संख्या 5 में मुलाकात की जा सकती है। उनसे मोबाइल नंबर 8960492895, लैंडलाइन नंबर 05842-298642 पर शाम 4 बजे से 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

इसी तरह व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक से रिलायंस थर्मल पावर रोजा के कक्ष संख्या 6 में संपर्क किया जा सकता है। उनके मोबाइल नंबर 8931921185, 05842-298711 शाम 4 बजे से 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

### बदलाव: तिलहर विधानसभा की एफएसटी टीम अब ददरौल में करेगी कार्य

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि 133 तिलहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत फ्लाइंग स्कॉड टीम (एफएसटी) को तुरंत 136 ददरौल विधानसभा में शिफ्ट किया गया है। यह टीमें तीन शिफ्ट में कार्य करेगी। पहली शिफ्ट सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगी। जिसमें एफएसटी के नामित अधिकारी लघु सिंचाई विभाग के जेई फुरकान आरिफ काम करेंगे। आरिफ का मोबाइल नंबर 8090701785 है। जबकि दूसरी शिफ्ट शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक काम करेगी। इसमें एफएसटी के नामित अधिकारी लोक निर्माण विभाग के जेई गिरीश बाबू शाक्य कार्य करेंगे। उनका मोबाइल नंबर 9415392504 है। इसी तरह तीसरी शिफ्ट रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक तक होगी। जिसमें एफएसटी के नामित अधिकारी शिक्षा विभाग के सहायक अध्यापक चन्द्रपाल गंगवार कार्य करेंगे। उनका मोबाइल नंबर 9411883235 है।

### चुनाव प्रेक्षकों ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लोकसभा और ददरौल विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक, एसपी अशोक कुमार मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रेक्षकों ने निर्वाचन कार्य में लगाई गई एफएसटी, एसएसटी टीमों की लोकेशन देखी और दूरभाष से भी वार्ता कर लोकेशन ली। सीविजिल, 1950 और अन्य माध्यमों से मिली शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली और अब तक की गई कार्रवाई की पंजिकाओं का अवलोकन किया।

## सार-संक्षेप

### महिला परामर्श केंद्र पर एक दंपती का हुआ समझौता



**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देश पर पुलिस लाइन में महिला परामर्श केंद्र पर दोनों पक्षों को बुलाकर सुनवाई की जाती है। पति -पत्नी के विवाद पुलिस अधिकारियों के यहां आने के बाद शिकायती पत्र को महिला परामर्श केंद्र पर भेज दिया जाता है। तीन बार दोनों पक्षों को मौका दिया जाता है और सुलहनामा न होने पर महिला थाना पर रिपोर्ट दर्ज की जाती है। शनिवार को महिला परामर्श केंद्र पर छह पत्रावली की सुनवाई की गई, जिसमें एक दंपती का समझौता हुआ। हरदोई जिले के पिहानी निवासी निगार की शादी कुछ वर्ष पूर्व नयूम निवासी कमलनैनपुर थाना कांट के साथ हुई थी। दोनों पति-पत्नी में कुछ समय से विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को महिला परामर्श केंद्र पर बुलाया गया था और समझाया गया। दोनों एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों का आपसी सहमति से समझौता करा दिया गया और विदा दी गई। इस अवसर पर परामर्श केंद्र प्रभारी मधु यादव, सिपाही पूनम मिश्रा, करुणा सिंह, मोनिका आदि मौजूद रही।

### कम दहेज के कारण मारपीट का आरोप

**मिर्जापुर।** क्षेत्र के गांव बेहटा जंगल निवासी रेनू पत्नी रामशंकर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी मर्जी से शादी की थी। ससुराली कम दहेज के कारण अक्सर मारपीट करने लगे। शुक्रवार को जब वह मायके से आई तो मुझे व मेरे मायके पक्ष के लोगों को ससुरालियों ने उसे गाली गलौज कर लाठी डंडों से पीटा। जिससे सभी के चोटे आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष से पार्वती देवी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे वह घर पर थी। तभी कलान निवासी 11 लोग बेहटा जंगल में बने घर में घुस आए। गाली गलौज किया तथा उसे व उसके परिवार को लाठी डंडों से मारा पीटा।

### किशोरी अगवा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 20 अप्रैल की रात नौ बजे उसकी 15 वर्षीया बहन खाना खाकर कमरे में सोने के लिए चली गई। वह रात दो बजे उठा तो देखा कि मकान का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और उसकी बहन कमरे में नहीं थी। उसने बहन को तलाश किया। लेकिन पता नहीं चला। उसे दूसरे दिन पता चला कि कांट थाना क्षेत्र का एक युवक उसकी बहन को अगवा करके ले गया है। आरोपी के ममेरे भाई से संपर्क किया तो ममेरे भाई ने कहा कि दोनों लोग दिल्ली में है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके तलाश कर रही है।

OAKWOOD WORLD SCHOOL
TRANSFORMING LIVES.... REALIZING POSSIBILITIES
A DROP OF CHANGE
OAKWOOD WORLD SCHOOL
CO-ED ENGLISH MEDIUM SCHOOL
ADD:- BANDA POWAYAN ROAD NEAR BASANTPUR GURUDWARA RAMPUR HEERA, BANDA (SPN)
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION CLASSES P.G. TO ONWARD
Powered By: Shri Anil Sudha Educational Trust
LUSH GREEN NATURAL CAMPUS ABODE OF PEACE
HURRY UP! Limited Seats Available



शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम
आलोक मिश्रा
All Routes in 25 Km. Radius from School
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Contact Us:- 7237964808
9235033696
E-mail: oakwoodworldsschoolnew@gmail.com
visit us at: oakwoodworldschool.co.in

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
प्रवेश हेतु 25.04.2024 से आवेदन
Website : http://www.abvmuup.edu.in
प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024
निःशुल्क कोचिंग
Mob.: 9410405769, 7599203105
महेन्द्र गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली
★ C.H.C. मीरगंज एवं खिरका, फतेहगंज पश्चिमी
★ इन्स्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एवं अस्पताल, आगरा

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें
I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी
भारतीय भेषजी परिषद् (PCI) से मान्यता प्राप्त
डी.फार्म/बी.फार्म
यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
डी एम एल टी / एक्स-रे
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
हम मेडिकल कॉलेज के सहयोग से अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। और स्वास्थ्य देखभाल में भविष्य के प्रयासों के लिए छात्रों को विकसित करते हैं। हम फार्मास्युटिकल उद्योग की चुनौतियों का ध्यान रखते हुए छात्रों को समाज की सेवा करने के लिए शिक्षित करते हैं। हम अपने छात्रों को एग्जिट परीक्षा जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। अनुभवी और समर्पित संकाय हमारे संस्थान की पहचान हैं, जो छात्रों को शोध प्रकाशित करने और पेटेंट प्राप्त करने में लगातार मदद कर रहे हैं। साथ ही अच्छे संस्कार भी देते हैं।
सीधा प्रवेश
सत्र 2024-25
100% प्लेसमेंट
प्रवेश हेल्पलाईन : 9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
वेबसाइट :- www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS VGI BAREILLY
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. ए.एन.एम. ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com

खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# युवती ने फंदे पर लटककर दे दी जान

## प्रेम प्रसंग के बाद युवक से ईद के बाद की थी कोर्ट मैरिज, चार दिन पहले आई थी बहन के घर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** शहर में एक युवती ने एक युवक से कोर्ट मैरिज कर ली थी। वह ससुराल में रह रही थी। चार दिन पूर्व वह अपनी बहन के घर आ गयी थी। उसने मकान की छत पर लोहे के पाइप से रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। सीओ सिटी तथा सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और जानकारी की।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी तहरीम(22) ईद से पहले मोहल्ला छोटे ककरा निवासी एक युवक के साथ चली गई थी। ईद के बाद कोर्ट मैरिज कर वह युवक के साथ ससुराल चली गई थी। वह ससुराल में रह रही थी। उसकी बड़ी बहन हसीना भी छोटे ककरा में रहती है। 24 अप्रैल को तहरीम बहन हसीना के घर आ गई थी।

वह बहन के यहां रह रही थी। शनिवार की दोपहर बाद हसीना कमरे में सो रही थी। वह शाम छह बजे सोकर उठी और देखा कि उसकी बहन तहरीम कमरे में नहीं है। उसने आवाज लगाई तो उसकी आवाज नहीं सुनाई दी। वह बहन की तलाश में मकान की छत पर गई तो देखा कि लोहे की पाइप से रस्सी से उसका शव लटका हुआ है। उसने शोर मचाया तो परिवार तथा मोहल्ले वाले एकत्रित हो गए।

सदर बाजार थाने को सूचना दी गई। सीओ सिटी सौम्या पांडेय तथा प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह मौके पर गए और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> ईद से पहले मृतका एक युवक के साथ भाग गई थी और उससे शादी कर ली थी। चार दिन पूर्व वह बड़ी बहन के यहां आई थी। उसने फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी बहन हसीना ने बताया कि उसकी बहन ने फांसी क्यों लगाई ली, उसे कोई जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।- **रवींद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक

# फंदे पर लटकी मिली विवाहिता दहेज हत्या का आरोप

- **नायब तहसीलदार की मौजूदगी में उतारा गया शव**
- **सात दिसंबर 2023 को ब्याह कर आई थी कैलाशी**

संवाददाता जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जलालाबाद क्षेत्र के गांव खेड़ा बहादुरपुर में शनिवार सुबह घर के एक कमरे में विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज की खातिर हत्या का आरोप लगाना शुरू कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

जिला बुलंदशहर के थाना अरनिया के गांव जरारा निवासी चंद्रपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री कैलाशी की शादी सात दिसंबर 2023 को जलालाबाद क्षेत्र के गांव खेड़ा बहादुरपुर निवासी जोरावर पुत्र स्व. लालाराम के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था लेकिन ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे। आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर बेटी की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया। वहीं मृतका की सास का कहना है कि वह गेहूं के खेत में शीला बीनने गई थी, जबकि बेटा जोरावर अपने बहनोई के यहां मजदूरी पर गेहूं काटने गया हुआ था। कैलाशी घर पर अकेली थी। सास जब घर लौटी तब कमरे में उसका शव फंदे पर लटका हुआ था। प्रधान की सूचना पर पुलिस व नायब तहसीलदार पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

> मायके वालों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी।- **हरिपाल सिंह बालियान**, कोतवाल

## सपा प्रत्याशी ज्योत्सना का रोड शो आज



**शाहजहांपुर।** सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में लोकसभा इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी ज्योत्सना गौंड का रोड शो रविवार को होगा। जोकि सेहरामऊ दक्षिणी से दोपहर 12 बजे प्रारंभ होकर थाना आरसी मिशन मिश्रीपुर चौराहा, सरायकईया, पुतुल्लाल चौराहा, पक्का पुल, थाना कोतवाली केरूगंज, चार खंभा, चौक कोतवाली कच्चा कटरा तिराहा, मलखाना मोड़ से घंटाघर के पास पहुंचेगा। यहां बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उसके बाद लाल इमली चौराहा, टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय से शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर रोडवेज बस अड्डा से महिला थाना जलालनगर निगोही रोड होकर गादियाना चुंगी पर समाप्त होगा। यह जानकारी समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने दी।

## कैलिफोर्निया के विवि से पत्रिका को डॉक्टरेट की डिग्री



**पुवायां।** वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य प्रकाश गुप्ता और अनीता गुप्ता की पुत्री पत्रिका गुप्ता ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें केलिफ़ोर्निया की वर्ल्ड पीस ऑफ़ यूनाइटेड नेशन युनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की डिग्री मिली है। ये डिग्री उन्हें दिल्ली के हयात होटल में फ़िल्म अभिनेत्री और मिस एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल दिया मिर्जा, सांसद व अभिनेता मनोज तिवारी, परमवीर चक्र कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव, शाबान महमूद ने दी। इवेंट में वह अपने पति मनीष गुप्ता और पिता वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ पहुंची थीं। पत्रिका गुप्ता अपने इस सम्मान का श्रेय अपने पति मनीष गुप्ता को देती हैं क्योंकि उन्होंने ही उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने की सलाह दी।

## चुनाव में गईं बसें, डिपो की आय घटी

**शाहजहांपुर।** लोकसभा चुनाव में रोडवेज बसों का अधिग्रहण किए जाने से डिपो की आय पर फर्क पर पड़ा है। डिपो की प्रतिदिन आय 30 लाख रुपये थी जो अब 20 लाख रह गई। 10 लाख रुपये घट गई है। डिपो में निगम की 114 बसें तथा 72 अनुबंधित बसें है। निगम की 38 बसों को चुनाव ड्यूटी में भेज दिया गया है। निगम की बसें जाने से दिल्ली, मुरादाबाद तथा गाजियाबाद जाने वाले यात्रियों को दिक्कत हो रही है। दिल्ली जाने को बसों का इंतजार करना पड़ता है। इधर गुरुवार को चुनावी रैली में अनुबंधित चले गयी थी। उस दिन यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा था। एआरएम आरएस पांडेय ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में बसों के जाने से आय पर फर्क पड़ा है।

## नशे में खंभे पर चढ़ा युवक ट्रांसफार्मर पर गिरकर झुलसा, ब्लास्ट होने से बिजली गुल

**शाहजहांपुर।** ईट भट्टे चौराहे पर बरात में आया एक युवक नशे की हालत में बिजली के खंभे पर चढ़ने के बाद ट्रांसफार्मर पर गिर गया और झुलस गया। जिससे ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने से क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। झुलसे युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइयां निवासी हिमांशु राठौर शुक्रवार की रात आठ बजे भट्ठा चौराहे पर एक मैरिज लॉन में बरात में आया हुआ था। वह नशे की हालत में बिजली के खंभे पर चढ़ गया। वह अचानक खंभे से ट्रांसफार्मर पर गिर गया और झुलस गया। युवक के गिरते ही ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हो गया। हिमांशु करंट से झुलस गया। क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। रामचंद्र मिशन थाना के दरोगा कैलाश चंद्र मौके पर पहुंचे और झुलसे युवक को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## बसपा विधानसभा के अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक

**बंडा।** गांव मोहिउद्दीनपुर निवासी बसपा के विधानसभा अध्यक्ष जसपाल गौतम के पिता महेंद्र गौतम(60) का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। जिसकी सूचना पर बसपा के जिलाध्यक्ष राधेश्याम भारती के साथ प्रत्याशी दोदराम वर्मा सहित बसपा के जोनल कॉर्डिनेटर राजेश्वर सिंह, नरेंद्र गौतम, रामचंद्र गौतम, नीरज मौर्या, रामू, रामचरन गौतम व अन्य कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के परिवार को ढांढस बंधाया और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

## कटरा पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** खेत पर महिला से दुष्कर्म के मामले में कटरा थाने पर रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित महिला एसपी से मिली और रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। कटरा थाना क्षेत्र की एक महिला ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गुरुवार की सुबह छह बजे वह खेत पर गेहूं काटने के लिए गई थी। उसे अकेला देखकर एक युवक ने पकड़ लिया था। महिला का आरोप है कि उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी और पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की ।पीड़िता ने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज की जाए। एसपी ने सीओ तिलहर को जांच दी है।

# शॉर्ट सर्किट से चखरा में लगी आग

संवाददाता, निघासन/दुबहा

**अमृत विचारः** थाना निघासन क्षेत्र के गांव चखरा में शार्ट सर्किट से शुक्रवार की शाम भीषण आग लग गई, जिससे छह घर जलकर राख हो गए। घरों में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। अग्नि पीड़ित खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

हादसा शुक्रवार की शाम को हुआ। गांव चखरा निवासी चंद्रिका के घर बिजली के तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, इससे तारों के जलने से घर में आग लग गई। इससे घर में हड़कंप मच गया। परिवार के लोगों ने पहले आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे चीख पुकार मच गई। शोर शराबा होने पर तमाम ग्रामीण मौके पर आ गए। ग्रामीण आग बुझाने की कोशिश करते। इससे पहले ही आग की उठी तेज लपटों ने पड़ोस के लक्ष्मी नारायण, कामता प्रसाद, भीमसेन टीकाराम और मुन्नी देवी पत्नी खूबलाल के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग बढ़ते देख ग्रामीण घरों का सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे। कोई अपने छप्परों को पानी डालकर भिगोने और आग रोकने के लिए छप्परों को जमीन पर गिराने में जुट गया। इसी बीच सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाई। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इस अग्निकांड में घरों में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर, चारपाई सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। तहसीलदार भीमचंद क्षेत्रीय लेखपाल ज्योति प्रकाश व अन्य राजस्व कर्मचारियों के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों को शीघ्र सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया। अनाज, बर्तन समेत सब कुछ आग में जल जाने के कारण जहां अग्नि पीड़ित खुले आसमान के नीचे आ गए। वहीं अब उनके सामने खाने के भी लाले पड़ गए हैं।



आग के ढेर में तब्दील हुए घर। ● अमृत विचार

- **तेज हवाओं ने ग्रामीणों की बढ़ाई धड़कन, खुले आसमान के नीचे आए परिवार, खाने के भी पड़े लाले**

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**तिलहर।** शनिवार को तड़के सुबह कुआंडांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास ग्रामीणों ने ट्रेन से कटा हुआ एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। सूचना पर कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने हलका इंचार्ज घनश्याम बहादुर पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। मृतक का आधा सिर और बाया हाथ कट गया था। कोतवाल ने बताया पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# टॉप टेन में पाया स्थान, चार मेधावी पुरस्कृत



स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं प्रबंध कमेटी व शिक्षकों के साथ। ● अमृत विचार

संवाददाता,अल्हागंज

**अमृत विचारः** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की चार मेधावी छात्राओं ने जिनको कॉलेज की प्रबंध समिति ने प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

कॉलेज प्रांगण में शनिवार आयोजित सम्मान कार्यक्रम में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉप टेन सूची में दसवां स्थान और कक्षा में प्रथम स्थान लाने वाली सुरभि कश्यप को कॉलेज कमेटी ने 2500 और शुभम गुप्ता व रजत गुप्ता ने 2000 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सौम्या मिश्रा को 1100 व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली निधि यादव को 1000 रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। जबकि हाईस्कूल की कक्षा में प्रथम स्थान लाने वाली शहला सिद्दीकी को 1000 का नगद पुरस्कार दिया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. वीरपाल सिंह ने छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के प्रबंधक दल सिंह यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि हाई स्कूल में 85 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को कक्षा 11 व 12 में निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। उन्हें कोई भी फीस नहीं देनी पड़ेगी। कमेटी अध्यक्ष राहुल मिश्रा ने कहा कि मेधावियों को उत्साहित करने को ऐसे कार्यक्रम चलाए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला, श्याम मोहन मिश्रा, श्याम सिंह, मुनेश्वर सिंह, रजत गुप्ता, शुभम गुप्ता मौजूद रहे।

## मेधावियों को दिए स्मृति चिह्न व टिफिन

**बंडा।** कृष्णानंद स्मारक इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न व टिफिन वितरित किए गए ।बंडा पूरनपुर मार्ग पर स्थित कृष्णानंद स्मारक इंटर कॉलेज में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज में टॉप 10 आए विपुल देव मिश्रा, राजदीप यादव समेत कई बच्चों ने विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उन्हें टिफिन व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी डॉ. सुधीर सिंह यादव, वासुदेव, रामपाल वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, राजेंद्र पाल सिंह, रविंद्र कुमार वर्मा, लालजीत वर्मा, शैलेंद्र गुप्ता ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## महिला व उसके भाइयों से मारपीट

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव चमरडुहि निवासी महिला प्रिया पुत्री नन्हें लाल ने क्षेत्राधिकार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 26 अप्रैल को वह अपने बेटे का अन्नप्राशन कार्यक्रम करने के लिए अपनी ससुराल गांव ककराला गई हुई थी। वहां उसके ससुराल पक्ष के कुछ लोगों ने उसके और उसके भाइयों से मारपीट की। सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। महिला ने दहेज उत्पीड़न को लेकर आए दिन मारपीट करने और घर से निकालने का भी आरोप लगाया है। महिला ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी ने जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## पर्चा खारिज होने का कारण जानने पहुंचे वैद्यराज किशन

**शाहजहांपुर।** नामांकन खारिज होने का कारण पूछने वैद्यराज किशन शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन उनकी अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो सकी। संयुक्त विकास पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी वैद्यराज किशन का नामांकन शुक्रवार को निरस्त कर दिया गया है। इसके बाद शनिवार को डीएम न्यायालय कक्ष 10 में पहुंचे, लेकिन कलेक्ट्रेट में आब्जर्वरों के साथ डीएम की बैठक चलने के कारण काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। उसके बाद किशन कलेक्ट्रेट में एक बाबू से वार्ता कर वापस चले गए। किशनलाल ने कहा कि पर्चा खारिज होने का कारण उन्हें बताया ही नहीं गया है।

## रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर वरकतपुर निवासी बहादुर ने बताया कि उसकी पड़ोसी शेर सिंह से पुरानी रंजिश चल रही है। शनिवार की शाम पांच बजे आरोपी शेर सिंह उसके दरवाजे पर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया।

अमृत विचार Matrimonials
परिचय सम्मेलन
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 12 व 13 मई 2024 को सम्पन्न होगा। विवाह हेतु शीघ्र पंजीयन करायें। मो० 9412466473, 9897181728, 9412048525, 9927833351, 8923414444, 9927047430, 9927324855

अमृत विचार क्लासीफाइड

आवश्यकता है
SIMAX ENERGY PVT LTD.
(LED Lights & Appliances)
कम्पनी हेतु
सेल्स ऑफीसर्स, डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स की
Contact at
9811091530, 7819098579
Mail ID-simax.energy@gmail.com

सूचना
मेरी पत्नी का सही नाम व जन्मतिथि जो आधार कार्ड में दर्ज है - BHUNESHWARI PANDEY एवं जन्मतिथि 26 April 1951 है। कृपया मेरे सर्विस रिकार्ड में सही दर्ज किया जाये। 9504615Y Hony Nb Sub Ghana Nand Pande, 134/188 सैनिक कालोनी, मेगा सिटी के सामने, बरेली

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डाकघर में खाता खुलवाते समय भूलवश मेरा नाम नन्हेलाल शर्मा दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम तेजपाल शर्मा है जोकि अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। नन्हेलाल शर्मा व तेजपाल शर्मा दोनों नाम मेरे ही है और मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। तेजपाल शर्मा पुत्र श्री सोमपाल शर्मा निवासी 87, वनखण्डी नाथ मंदिर के पास, नवादा जोगियान, बरेली।

आवश्यकता है
स्कूल में
आया, महिला सफाईकर्मी व रिसेप्शनिस्ट की
बी.एल. इंटरनेशनल स्कूल
सी.बी. गंज, बरेली
मो. 9927800055

आवश्यकता है
शिक्षक/शिक्षिकाओं की
कक्षा NC से 8 तक
हिन्दी, अंग्रेजी, मैथ का ज्ञान हो।
आवेदन सहित शीघ्र सम्पर्क करें
Hena Convent School
Nadosi (C.B. Ganj)
Rampur Road, Bareilly
Mob : 9760936161, 7466921242

सूचना
मैं प्रमोद कुमार श्रीवास्तव Ex PO नेवी नं. 145466F पुत्र श्री रामचंद्र श्रीवास्तव, नि. कबूलपुरा गौंटिया थाना कोतवाली (बदायूं) उप्र 243601 मेरे सर्विस रिकार्ड में पुत्र का नाम गौरव कुमार श्रीवास्तव (MAS- GAURAV KUMAR SRIVASTVA) उम्र 3 वर्ष 6 माह व पुत्री का नाम कु. गौरी श्रीवास्तव (KUM. GAURI SRIVASTVA) उम्र 5 वर्ष भूलवश गलत अंकित हो गए हैं जबकि पुत्र का सही नाम राहुल श्रीवास्तव (RAHUL SRIVASTAVA) DOB- 15.07.1995 व पुत्री का सही नाम स्वेता श्रीवास्तव (SWETA SHRIVASTAVA) DOB- 15.08.1991 सही है। कृपया मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज की जाए।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

